जल-भूतल परिवहन मंत्री (श्री के० पी० उन्नीकृष्णन) : (क) राजस्थान में से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग सामान्यत: यातायात लायक हालत में हैं और नियमित रुप से उनका रख-रखाव किया जा रहा है ।

(ख) रा० रा० सं० 11 आगरा-जयपुर, सवाई माधोपुर जिले में से गुजरता है । चूंकि आठवीं पंचवर्षीय योजना को अभी अन्तिम रूप नहीं दिया गया है, इसलिये अभी नये राष्ट्रीय राजमार्गों की घोषणा से संबंधित स्थिति नहीं बतलाई जा सकती ।

(ग) सवाई माधोपुर जिले में दोसा-सवाई माधोपुर राज्यीय राजमार्ग पर बनास नदी के पुल को यातायात के लिये पहले ही खोल दिया गया है । राज्यीय सड़कों के लिये आर्थिक और अन्तर्राज्यीय कार्यक्रम के अंतर्गत चम्बल नदी के पुल का कार्य प्रगति पर है और इसके 1992 के अन्त तक पूरा हो जाने की संभावना है । नींव की समस्याओं के कारण इसमें विलम्ब हुआ है । जैसा कि बताया गया है, नये रा०रा० लिंक की घोषणा पारस्परिक प्राथमिकताओं पर और 8वीं योजना मे, जिसे अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है, इस प्रयोजन के लिये निर्धारित परिव्यय पर निर्भर करेगी ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक

3371. श्री सत्यप्रकाश मालवीय : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पंजाब में वर्तमान पुलिस महा-निदेशक इस पद पर कब से कार्यरत हैं;

(ख) वर्तमान तैनाती से पहले वे किस स्थान पर तैनात थे; और

(ग) क्या सरकार उनको किसी और स्थान पर स्थानान्तरित करने का विचार रखती है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कान्त सहाय) : (क) पुलिस के वर्तमान महानिदेशक 21-4-1988 से पंजाब में इस पद पर कार्य कर रहे हैं ।

(ख) इस तैनाती से पूर्व वे पंजाब में अपर पुलिस महानिदेशक के रूप में कार्य कर रहे थे ।

(ग) इस समय सरकार के पास ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है ।

फिजी में रहने वाले भारतीयों को निष्कासन की धमकी

3372. श्री अनन्तराम जायसवाल : क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि फिजी की सेना के जनरल श्री सितोबनी राबुका ने जुलाई, 1990 के मध्य के आस-पास फिजी में रहने वाले भारतीय मूल के 20,000 नागरिकों को जो उस देश में गन्ने की खेती में लगे हुए हैं उनकी जमीन से बेदखल करने की धमकी दी थी ; और

(ख) यदि हां, तो इस पर सकरार की क्या प्रतिक्रिया है और क्या सरकार ने इस मामले में कोई कार्यवाही की थी; यदि हां, तो की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है और उसका क्या परिणाम रहा ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हरि किशोर सिंह) : (क) जी, नहीं तथापि भारत सरकार को इस बात की जानकारी है कि जनरल राबुका ने इस तरह की धमकियां दी हैं कि भेदभावपूर्ण "मास्टर, शूगरकेन अवार्ड" के विरुद्ध अपना विरोध प्रकट करने के लिए भारतीय मूल के किसान गन्ने की फसल को काटने से इन्कार करते हैं तो वे इसके लिए सेना से काम लेंगे ।

(ख) 10 मई, 1990 को लोक सभा में अपने एक वक्तव्य में विदेश राज्य मंत्री ने फीजी की अन्तरिम सरकार की